कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-01.05.2025

विषय:- थाना चौबेपुर क्षेत्र में चोरी के भिन्न-2 मामलों में वांछित कुल 04 नफर शातिर चोर थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण व नकदी के साथ घटना में प्रयुक्त उपकरण व मो.सा. बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 222/2025 धारा 305(ए) बीएनएस , मु0अ0सं0 -257/2025 धारा 305(ए) बीएनएस व मु0अ0सं0 -267/2025 धारा 305(ए) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुये वांछित अभियुक्तगण 1. आशीष कुमार पुत्र छेदी राम निवासी छांही थाना सारनाथ वाराणसी 2. रितिक राजभर पुत्र डब्बल राजभर निवासी जयरामपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी 3.अंजनी राम उर्फ बाबा पुत्र दीपक राम निवासी सोनखे दशनीपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी 4. सागर सिंह पुत्र प्रदीप सिंह निवासी कल्याणपुर छांही थाना सारनाथ जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद कटर, 02 अदद मोटरसाइकिल व 1175/- रुपये नकद व पीली धातु व सफेद धातु के आभूषण बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

पूछताछ करने पर अभियुक्तगण ने बताया कि हम लोग रात मे सडक किनारे मोटर साइकिल को खड़ा करके खेतों से पैदल चलकर गांव के किनारे के घरो को लक्ष्य बनाकर छत से चढ़कर तथा घरो में लगे ताले को कटर से काटकर कीमती जेवरात व पैसों चोरी करते हैं। हम लोगो ने दिनांक 10.04.2025 को उमरहां जयप्रकाश स्कूल के पीछे एक मकान में चोरी किये थे तथा दिनांक 25.04.2025 को पियरी गांव में एक घर में घुसकर आलमारी में रखा जेवरात व रुपये चुराये थे तथा दिनांक 29.04.2025 को लखरांव रोड के किनारे एक घर में घुसकर आलमारी में रखा जेवरात व रुपये चुराये थे। जो रुपये हम लोगों के पास से आपको मिले हैं, सारे चोरी के है, बाकी रुपयों को हम लोगों ने खाने पीने में खर्च कर दिया है। पकड़े गये व्यक्तियों से मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर व स्कूटी के सम्बन्ध में पूछा गया तो बताये कि हम लोग इन्ही दोनों गाडियो से चोरी किया करते थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. आशीष कुमार पुत्र छेदी राम निवासी छांही थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।
2. ऋतिक राजभर पुत्र डब्बल राजभर निवासी जयरामपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 20 वर्ष।
3. अंजनी राम उर्फ बाबा पुत्र दीपक राम निवासी सोनखे दशनीपुर थाना चोलापुर जनपद वाराणसी उम्र करीब 19वर्ष।
4. सागर सिंह पुत्र प्रदीप सिंह निवासी कल्याणपुर छांही थाना सारनाथ जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1- घटना में प्रयुक्त 01 अदद कटर,01 अदद स्कूटी एक्टिवा रजि. नं. UP63AQ 0433, 01 अदद मो.सा. सुपर स्पेलेण्डर रंग काला रजि. नं0 UP62BL7164 ।

2- चोरी के पीली धातु व सफेद धातु के आभूषण।

3- चोरी के कुल 1175/- रुपये नकद।

अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0- 222/2025 धारा 305(ए),317(2),317(4),331(4) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- मु0अ0सं0 0257/2025 धारा 305(ए),317(2),317(4),331(4) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- मु0अ0सं0 267/2025 धारा 305(ए),317(2),317(4),331(4) बीएनएस थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 अनिल कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. हे0का0 अभिषेक सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. हे0का0 सिन्धु कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 सुरेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।